# निवेशक पा सकेंगे 450 वर्ग मीटर से 20 एकड़ के औद्योगिक भूखंड

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में बीते साढ़े चार साल में बड़ा निवेश आया है। देश-विदेश के 391 निवेशकों ने ग्रेटर नोएडा में फैक्टरी लगाने के लिए जमीन ली है। ये निवेशक फैक्टरी लगाने के लिए लगभग 26,530 करोड़ रुपये खर्च करेंगे। अब ग्रेनो प्राधिकरण ने निवेशकों को भूखंड मुहैया कराने के लिए विशेष योजना शुरू की है। इसके तहत 450 वर्ग मीटर से लेकर 20 एकड़ तक के भूखंड दिए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक 31 अक्तूबर तक आने वाले आवेदनों पर नवंबर के पहले सप्ताह में साक्षात्कार या ड्रॉ के जरिए आवंटन किया जाएगा। प्राधिकरण को करीब 800 करोड़ रुपये का निवेश और 3000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 8 नए औद्योगिक सेक्टर बसाने का फैसला किया गया है। इसके लिए करीब 900 हेक्टेयर जमीन खरीदने की कार्यवाही शुरू की गई है। इसी के तहत अब 23 औद्योगिक भूखंडों की योजना लॉन्च की गई है। ग्रेटर नोएडा के सीईओ नरेंद्र भूषण के अनुसार, प्राधिकरण विभिन्न सेक्टरों में औद्योगिक भूखंड आवंटित करेगा। इन भूखंडों पर ग्रीन व गैर प्रदूषण श्रेणी के सभी तरह के उद्योग लगाए जा सकते हैं। ब्यूरो